## वनडे सीरीज के लिए चोटिल शिखर धवन की जगह मयंक अग्रवाल टीम में शामिल



**मयंक खेलेंगे पहला वनडे!**

मयंक को यदि प्लेइंग–इलेवन में मौका मिलता है तो वह अपने करियर का पहला वनडे इंटरनैशनल मैच खेलेंगे। उन्होंने अब तक 9 टेस्ट मैच खेले हैं जिनकी 13 पारियों में 3 शतक और 3 अर्धशतक जड़े हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर में पिछले महीने 243 रन की दोहरी शतकीय पारी खेली थी।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्ट इंडीज के खिलाफ 3 मैचों की आगामी वनडे सीरीज के लिए भारतीय ओपनर मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें 15 दिसंबर से शुरू हो रही इस सीरीज के लिए चोटिल शिखर धवन की जगह भारतीय टीम में जगह मिली है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, ऑल इंडिया सीनियर सिलेक्शन कमिटी ने मयंक को चोटिल धवन की जगह टीम में शामिल किया है। सूरत में धवन के बाएं अंगूठे में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के दौरान कट लग गया था। धवन वेस्ट इंडीज के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज में भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने धवन का चेकअप किया और पाया कि उनकी चोट धीरे–धीरे ठीक हो रही है लेकिन उन्हें पूरी तरह मैच फिटनेस के लिए कुछ और समय चाहिए। सूरत में दिल्ली टीम के लिए खेलते हुए मैदान पर डाइविंग के दौरान धवन के बाएं घुटने पर गहरा कट लग गया जिसके कारण करीब 20 टांके लगाने पड़े। धवन की जगह टी20 सीरीज के लिए विकेटकीपर–बल्लेबाज संजू सैमसन को टीम इंडिया में शामिल किया गया था।

# कोहली को खल रही है एक स्पेशल गेंदबाज की कमी

**क्रिकेट**

### वेस्टइंडीज की जीत भारतीय टीम के लिए खतरे की घंटी की तरहः श्रीकांत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी और चयनकर्ता के श्रीकांत ने स्वीकार किया है कि विराट कोहली को सिर्फ एक गेंदबाज की कमी खल रही है। दूसरे टी–20 मैच में वेस्टइंडीज को मिली जीत भारतीय टीम के लिए खतरे की घंटी की तरह है। अब दोनों टीमों को निर्णायक मुकाबले में भिड़ना है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि मुश्किल हालात किसी खिलाड़ी से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराते हैं। मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम का भी हर खिलाड़ी आगे बढ़कर अपनी–अपनी जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार है।

वेस्टइंडीज की मुंबई से सुखद यादें जुड़ी हैं, खासकर इस प्रारूप से। वहीं, भारतीय टीम भी ये दिखाने के लिए उत्सुक होगी कि उसकी गेंदबाजी की धार जसप्रीत बुमराह



तक ही सीमित नहीं है। ये और बात है कि विराट कोहली बुमराह की सटीक गेंदबाजी और मारक गति को याद कर रहे होंगे।

**आसान नहीं थे पहले दोनों मुकाबले**

सीरीज के शुरुआती दोनों मुकाबले गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहे। सपाट पिच, ओस और खराब फील्डिंग ने उनके लिए हालात और मुश्किल कर दिए। वहीं भारतीय गेंदबाजी आक्रमण औसत दर्जे का नजर आया। इस लिहाज से जसप्रीत बुमराह ऐसे गेंदबाज हैं जो परिस्थितियों को गणना से बाहर कर देते हैं। वह जिस तरह का कोण बनाते हैं और शानदार यॉर्कर फेंकते हैं, उनकी इसी खूबी ने उन्हें ऐसा गेंदबाज बनाया है, जैसे कि वह आज हैं। उनके पास विविधता है, जो उनका स्वाभाविक हथियार है। अगर आप गौर करें तो बुमराह एक छोर से रनों का प्रवाह रोककर दूसरे छोर से गेंदबाजी कर रहे खिलाडियों की भी मदद करते हैं। कप्तान मैच के दौरान किसी भी पल उनके चार ओवरों का इस्तेमाल कर सकता है। कप्तान के पास यह विकल्प ही बुमराह को सबसे मूल्यवान गेंदबाज बनाता है, जिसकी कमी टीम को खल भी रही है।

**टीम के पास विचारों की कमी**

पिच से भारतीय स्पिनरों को मदद नहीं मिल रही है, इसलिए टीम के पास विचारों की कमी हो गई है। वहीं दूसरी ओर वेस्टइंडीज के बल्लेबाज इस बार बेहतर तैयारी के साथ आए हैं। मुझे युजवेंद्रा सिंह चहल के खिलाफ ऑफ स्टंप के बाहर जाकर जगह बनाकर शॉट खेलने की मेहमान बल्लेबाजों की योजना अच्छी लगी।

# पृथ्वी साव ने जड़ा ताबड़तोड़ दोहरा शतक, मुंबई मजबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के नए सीजन में मुंबई के युवा ओपनिंग बल्लेबाज पृथ्वी साव ने धमाकेदार शुरुआत की है। मुंबई की दूसरी पारी में पृथ्वी ने आज ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए दोहरा शतक जड़ दिया। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का पहला दोहरा शतक है। 179 बॉल की अपनी पारी में पृथ्वी ने 19 चौके और 7 छक्के जड़े। मुंबई ने अपनी दूसरी पारी 409/4क पर घोषित की और उसके पास 533 रन की बढ़त है।

इस दोहरे शतक से पहले साव ने मैच की पहली पारी में भी शानदार 66 रन बनाए थे। अपने फर्स्ट क्लास करियर में पहला

**साव पर 15 नवंबर 2019 के बाद बैन हटा है**

दोहरा शतक ठोकने वाले पृथ्वी ने मैदान के चारों ओर रन बरसाए और बड़ौदा का कोई भी गेंदबाज उन्हें रोक नहीं पाया। इससे पहले साव का फर्स्ट क्लास करियर बेस्ट स्कोर 188 रन था। दोहरा शतक जमाने के बाद साव भार्गव भट्ट की गेंद पर बोल्ड हुए। साव ने पहले मैच ही रन बरसाकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं कि वह टीम इंडिया में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

मुंबई ने अपनी पारी में 431 रन बनाए थे और तब उसका कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं बना पाया था। लेकिन उसके 4 बल्लेबाजों ने हाफ सेंचुरी जरूर जमाई थी और इसके बाद बड़ौदा की पहली पारी को मुंबई ने गेंदबाजों ने 307 रन पर समेट दी।

दूसरी पारी में मुंबई ने और भी शानदार खेल दिखाते हुए 4 विकेट खोकर 409 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की। दूसरी पारी में साव के अलावा उसके कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी नाबाद 102 रन बनाए। अपनी बैटिंग के दम पर मुंबई ने सीजन की शानदार शुरुआत की है।

पृथ्वी साव ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। तब उन्होंने अपने पहले दो टेस्ट में 118.50 के औसत से 237 रन बनाए थे और उन्होंने अपनी पहली (डेब्यू) इंटरनैशनल पारी में शतक भी जड़ा था। इसके बाद साव को ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम इंडिया में चुना गया था।

## ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत में ट्रेनिंग करेंगे आस्ट्रेलियाई मुक्केबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। चीन में ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी कर रहे भारतीय मुक्केबाज पांच से 25 जनवरी तक पटियाला में आस्ट्रेलियाई मुक्केबाजों के साथ ट्रेनिंग करेंगे। राष्ट्रीय पुरुष कोच सीए कटप्पा ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। आस्ट्रेलिया ने चीन के वुहान में तीन से 14 फरवरी तक होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर से पहले जनवरी में पटियाला में भारतीय मुक्केबाजों के साथ ट्रेनिंग करने का भारत का आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। हाल में नेपाल में संपन्न दक्षिण एशियाई खेलों से लौटने के बाद कटप्पा ने यहां कहा, ''हमने दो–तीन देशों को आमंत्रित किया था और आस्ट्रेलिया ने पुष्टि कर दी है कि वह यहां पांच से 25 जनवरी तक ट्रेनिंग और मुक्केबाजी में हिस्सा लेंगे। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे मुक्केबाज आएंगे जो ओलंपिक क्वालीफायर में ट्रेनिंग कर रहे हैं।'' भारत ने दक्षिण एशियाई खेलों में 12 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम को इस महीने के अंत में अंतिम रूप दिया जाएगा।

## न्यूज डायरी



### मैंने किराए की राइफल से दिलाया देश को गोल्डः काजल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के नजफगढ़ में अपने मामा के यहां रहकर राइफल से शूटिंग करने वाली 25 वर्षीय काजल सैनी ने पिछले दिनों नेपाल में 1 से 10 दिसंबर तक हुए सैफ गेम्स (साउथ एशियन गेम्स) में टीम इवेंट में गोल्ड और इंडिविजुअल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। काजल ने ये दोनों पदक राइफल के 50 मीटर थ्री पोजिशन में जीते हैं। इससे पहले वह नवंबर में कतर में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। काजल ने राइफल के 50 मीटर प्रोन पोजिशन इवेंट में टीम के साथ गोल्ड और 50 मीटर थ्री पोजिशन में टीम के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता है। वह हरियाणा के रोहतक की रहने वाली हैं। नैशनल लेवल पर 4 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज समेत 11 मेडल जीतने वाली काजल ने अपने शूटिंग करियर किराए की राइफल से शुरू किया था। काजल का कहना है कि जब वह मैदान में उतरती हैं, तो यह नहीं सोचती हैं कि पदक जीतना है, बल्कि उनका फोकस अच्छा खेलने पर होता है।

### ट्विटर पर रिकी पॉन्टिंग, बेटे फ्लेचर के साथ पोस्ट की पहली तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने बुधवार को ट्विटर पर एंट्री मारी और अपने बेटे फ्लेचर के साथ क्रिकेट खेलते हुए इस सोशल मीडिया साइट पर अपनी पहली तस्वीर भी शेयर की। पॉन्टिंग को अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को 2 बार वर्ल्ड कप जिताने वाले पॉन्टिंग ने अपने बेटे के साथ 4 तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, श्आज पहली बार– फाइनली सोशल मीडिया पर और बेटे फ्लेचर के साथ पहला नेट सेशन। साल 2012 में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले पॉन्टिंग टेस्ट और वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए टॉप रन स्कोरर हैं। उनके नाम 168 टेस्ट मैचों में 13378 रन और 375 वनडे इंटरनैशनल में 13704 रन दर्ज हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को 2003 और 2007 में वनडे वर्ल्ड कप दिलाया। वह 1999 में स्टीव वॉ के नेतृत्व में वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी हिस्सा थे।

### रीजीजू को तोक्यो में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली, 11 दिसंबर (भाषा) खेल मंत्री किरेन रीजीजू को तोक्यो ओलंपिक में देश के खिलाड़ियों से अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन उन्होंने चेताया कि अगर 2028 खेलों में भारत अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहा तो इसके लिए सभी हितधारक दोषी होंगे। रीजीजू ने कहा कि भारत की लास एंजिलिस ओलंपिक की सर्वश्रेष्ठ तैयारी के लिए आठ साल का समय पर्याप्त होना चाहिए। रीजीजू ने फिक्की के 'टर्फ 2019' वैश्विक खेल सम्मेलन के दौरान कहा, ''अगर हम इतने समय बाद (2028 लास एंजिलिस ओलंपिक) होने वाली चीज के लिए भी खुद को तैयार नहीं कर सकते तो फिर नीति तैयार करने, दिशा निर्धारण करने और संसाधनों के इस्तेमाल को लेकर हमें स्वयं को ही दोष देना होगा।''

### यह गलती थी, सजा में नरमी की उम्मीदः रवि कुमार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। डोप परीक्षण में विफल रहे विश्व कप के पदक विजेता राइफल निशानेबाज रवि कुमार ने कहा कि उनसे अनजाने में गलती हुई और उन्हें उम्मीद है कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) से उन्हें कम सजा मिलेगी। मई में म्यूनिख में हुए विश्व कप के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर 29 साल के रवि 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों और 2014 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता हैं। यहां घरेलू प्रतियोगिता के दौरान रवि को प्रोप्रेनोलोल के लिए पॉजिटिव पाया गया। इस पदार्थ का इस्तेमाल उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए किया जाता है और यह विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। रवि ने कहा, 'मैंने अनजाने में माइग्रेन के उपचार के लिए दवा ली थी।